traditional market for the Indian rice, besides enabling the farmers in Andhra Pradesh to get remunerative prices for the paddy. I understand that the Government agencies like MMTC have also been provided similar incentives for boosting the sale of wheat in the international market.

SHRI SOLIPETA RAMACHANDRA REDDY (Andhra Pradesh); Sir, I associate myself with what Dr. Rajkumar has said.

### Delay in sanctioning of telephone connection from M.P.s quota

**प्रो. रामदेव भंडारी** (बिहार): सभापति महोदय, मेरा यह स्पेशल मैंशन सांसद कोटा से टेलीफोन लगाने में असाधारण देरी के संबंध में है। महोदय, संसद सदस्यों द्वारा अनुशंसित "बिना बारी" के टेलीफोन की मंजूरी आदेश जारी किए जाने के 30 दिनों के भीतर लगाने का प्रावधान है। बिहार में सिर्फ राज्य सभा सदस्यों द्वारा अनुशंसित कनेक्शन के लिये 195 टेलीफोन तीन महीने से, 37 टेलीफोन छह माह से, 22 टेलिफोन नौ माह से और 8 कनेक्शन बारह माह से लंबित पड़े है। सरकार के अनुसार यह टेलीफोन तकनीकी अव्यवहार्यता तथा अन्य कारणों से लंबित हैं, लेकिन ऐसी बात नहीं है। बिहार का टेलीफोन विभाग इतना बेलगाम हो गया है कि वह सांसदों द्वारा अनुशंसित टेलीपोन कनेक्शनों में भी बिना सुविधा-शुल्क लिए फोन नहीं लगाता है। उसका तकनीकी अव्यवहार्यता तो मात्र बहाना है। बिहार के टेलीफोन विभाग की हालत यह है कि सांसदों द्वारा फोन करने पर भी पदाधिकारी बात नहीं करते हैं और मीटिंग तथा अन्य कार्यों में व्यस्त रहने का बहाना बनाते हैं। मैंने एक बार स्वयं फोन पर वहां के सबसे बड़े अधिकारी मुख्य महाप्रबन्धक, पटना से अपने कोटा से अनुशंसित व्यक्ति का टेलीफोन लगाने की बात कही थी लेकिन वह टेलीफोन भी नहीं लगाया गया है। यह तो एक उदाहरण है। संचार मंत्री जी भाषण चाहे जितना करें, लेकिन उनके विभाग की स्थिति बिहार में शोचनीय है। वहां के पदाधिकारी अपने को पासवान जी का आदमी बताकर मनमानी कर रहे हैं। आज टेलीफोन एक आवश्यकता बन गई है, लेकिन सांसद की अनुशंसा के बाद भी एक वर्ष तक टेलीफोन नहीं लगाना सांसदों को प्राप्त विशेषाधिकार की अवमानना जैसा ही है। अतः मैं संचार मंत्री से अनुरोध करना चाहूंगा कि बिहार की टेलीफान व्यवस्था को सही दिशा प्रदान कराने का कष्ट करें तथा सांसदों द्वारा अनुशंसित ही नहीं बल्कि सामान्य रुप से आवेदित टेलीफोन भी समय पर लगवायें। धन्यवाद।

**श्री राजीव रंजन सिंह**"ललन"(बिहार): सभापति महोदय, मैं इससे अपने आपको संबंद्ध कर रहा हूं।

### Anti-Traditional Activity in the name of Friendly Chat

DR. C. NARAYANA REDDY (Nominated): Mr. Chairman, Sir, I seek your kind permission to bring to the notice of the august House, the anti-traditional activity allowed by the Bharat Sanchar Nigam Limited in the twin-cities of Hyderabad and Secunderabad. Advertisements appear in newspapers in colours and with photographs of attractive young ladies